प्रेस विज्ञप्ति

जगदलपुर। शैक्षणिक पाठ्यचर्या के अंतर्गत शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीएड द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितिरगांव में एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर बीएड अध्ययनशाला के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सोहन कुमार मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में शिविर की महत्ता, उद्देश्य और शैक्षिक कार्यक्रम के अन्य गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शैक्षिक पाठ्यचर्या का प्रमुख उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से समुदाय के विकास में योगदान करना है।

विद्यालय की प्राचार्या वंदना भदौरिया ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने अपने उद्बोधन में ग्रामीण परिवेश में शिक्षा और संबंधित समस्याओं को उजागर करते हुए भावी शिक्षकों को इसके निराकरण की दिशा मे कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने इस शिविर के माध्यम से समुदाय के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता, पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया और स्कूली बच्चों के माता-पिता को उनके बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। सर्वेक्षण के माध्यम से छात्रों ने ग्रामीणों कि स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वाक्षता, आर्थिक स्थिति आदि के बारे में गहराई से जानने का प्रयास किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई भी की। बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने अनेक क्रियाकलापों के माध्यम से अपने प्रशिक्षण अनुभवों को उन्नत किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के एनएसएस प्रभारी रुपा यादव, गजेन्द्र श्रीवास्तव एवं विवि बीएड अध्ययनशाला के फैकल्टी उपस्थित थे।